तापमान

अधिकतम 35.6 डिग्री

न्यूनतम 23.9 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026



11 उड़िया समाज ने घूमधाम से मनाया उत्कल दिवस






11 माध्यमिक शिक्षा मण्डल 10 अप्रैल को दुबारा 12वीं...






## खबर संक्षेप



### भाजयुमो ने शहीद स्मारक पर जलाए दीप

**दुर्गूकोंदल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल दुर्गूकोंदल के तत्त्वाधान में बरपारा हाटकोंदल में शहीद कंपनी कमांडर तिजाउराम भूआर्य के शहीद स्मारक में दीप एवं मोमबत्ती प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने देश और प्रदेश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए उनकी वीरता और बलिदान को स्मरण किया। इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष विकास राजु नायक एवं भाजयुमो के पदाधिकारी के अलावा शहीद परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नरहरपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर को आपातकालीन सेवाओं के लिए नई 108 एंबुलेंस की सौगात प्राप्त हुई। अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर फीता काटकर एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि यह एंबुलेंस विशेष रूप से आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों एवं अन्य आकस्मिक स्थितियों में समय पर अस्पताल पहुंचाना अब और अधिक आसान हो जाएगा। बीएमओ डॉ. प्रशांत सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू एवं युवा मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### मुख्य सचिव लेंगे जिले के अधिकारियों की बैठक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकास शील 04 अप्रैल शनिवार को कांकेर प्रवास के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में प्रगति की समीक्षा करेंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है। मुख्य सचिव विकास शील समीक्षा बैठक के पूर्व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज तेलगरा, मावा मोदोल एवं सेंट्रल लाईब्रेरी, निर्माणाधीन नालंदा परिसर, नरहरदेव पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण करेंगे इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा भी करेंगे। समीक्षा बैठक के बाद मुख्य सचिव के द्वारा पर्यटन आधारित आजीविका केंद्र खमढोड़गी का अवलोकन भी किया जाएगा।

### पुलिस रेड में दो शराब कोचिया पकड़ाएं

**कांकेर।** थाना चारामा और नरहरपुर पुलिस ने 1 अप्रैल को छापामार कार्यवाही करते हुए दो



शराब कोचिया को पकड़ा गया। चारामा पुलिस ने आरोपी वार्ड क्रमांक 3 नाकापारा चारामा निवासी चंद्रहास देवांगन पिता स्व. रामजी देवांगन अपने कब्जे में अवैध रूप से शराब को बेचने के लिए रखा हुआ था। वही नरहरपुर पुलिस ने आरोपी ग्राम मारवाडी ठाकुरदाईपारा निवासी कांशीराम मंडावी पिता स्व. फागुराम मंडावी के कब्जे से देशी महुआ ▶▶| शेष पेज 10 पर

# उत्तर बस्तर में लाल आतंक का खात्मा, अब सुशासन और विकास का नया दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला कांकेर की पहचान लंबे समय तक लाल आतंक और भय के साए से जुड़ी रही, लेकिन अब तस्वीर बदलने का दावा किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर के तीखे और आत्मविश्वास से भरे बयान ने यह संकेत दिया है कि जिला कांकेर एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां बंदूक नहीं, बल्कि सुशासन और विकास की गूंज सुनाई देना शुरू हो गई है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने नक्सलवाद पर सख्त रुख अपनाते हुए दावा किया है कि अब उत्तर बस्तर में लाल आतंक का अंत लगभग हो चुका है और क्षेत्र सुशासन के नए युग की ओर बढ़ना शुरू हो गया है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय केंद्र और राज्य सरकार के नेतृत्व को देते हुए इसे ऐतिहासिक परिवर्तन करार दिया। उन्होने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने का लक्ष्य अब जमीनी स्तर पर साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की निर्णायक कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि इनकी नीतियों ने उत्तर बस्तर को भय और हिंसा के माहौल से निकालकर विकास और विश्वास की राह पर अग्रसर किया है। उन्होंने बताया कि जहां पहले बंदूक और डर का माहौल था, वहां अब प्रशासनिक मजबूती और जनविश्वास स्थापित होना शुरू हो गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि बस्तर अब विकास, शांति और सुशासन की नई पहचान के साथ देश के सामने एक उदाहरण के रूप में उभरेगा। ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ पीएम मोदी और सीएम साय के नेतृत्व में नक्सलवाद पर ऐतिहासिक जीत

## कांग्रेस ने की केवल लाभ की राजनीति



### नक्सलवाद के नाम पर की राजनीति



जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने बस्तर को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया और नक्सलवाद के नाम पर राजनीति की, जबकि जमीनी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए गए। विष्णुदेव की सरकार ने उत्तर बस्तर को उसका सम्मान लौटाया है और आदिवासी समाज सहित सभी वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं।

## आपरेशन : सरेंडर करने से पूरे नेटवर्क में खलबली मची

# एसीएम रूपी की महिला गार्ड के सरेंडर से परतापुर कमेटी हिली, पुलिस की है नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उत्तर बस्तर के घने जंगलों में एक बार फिर सुरक्षा बलों और नक्सल संगठन के बीच हलचल तेज हो गई है। परतापुर एरिया कमेटी से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है, जहां एसीएम रूपी रेड्डी की सुरक्षा में तैनात गार्ड के पुलिस के सामने सरेंडर करने से पूरे नेटवर्क में खलबली मच गई है।

■ सरेंडर से परतापुर एरिया कमेटी के खुले राज, पुलिस को पूरी टीम के समर्पण की उम्मीद

जानकारी के अनुसार परतापुर एरिया कमेटी के सरेंडर करने वाली पीएम संदीय कड़ियाम और राधिका कुंजाम ने सरेंडर करने वाली महिला नक्सली के बारे में पुलिस को बताया कि यह परतापुर एरिया कमेटी की सक्रिय सदस्य एसीएम रूपी रेड्डी की गार्ड रामको मंडावी है। पुलिस जिन 15 नक्सलियों की तलाश कर रही है, उसमें इस महिला गार्ड का नाम उल्लेखित नहीं है। रिकार्ड में यह नाम पहली बार पुष्ट हो रहा है। पुलिस का मानना है कि यह सरेंडर न केवल संगठन के भीतर कमजोर होती पकड़ को दर्शाता है, बल्कि आने वाले दिनों में और बड़े आत्मसमर्पण का रास्ता भी खोल सकता है। सरेंडर करने वाली महिला सक्रिय सदस्य एसीएम रूपी रेड्डी की गार्ड है, तो पुलिस को जंगल में भटक रहे 15 नक्सली, जिन्होने समर्पण नहीं किया है, उनके बारे में इनपुट मिल सकता है। पुलिस को तलाश परतापुर एरिया कमेटी के 10 नक्सली डीव्हीसीएम चंदर कतलाम निवासी आदेरबेड़ा पूर्वी बस्तर क्षेत्र, एसीएम रूपी पति विजय रेड्डी निवासी आंध्र प्रदेश, एसीएम कुमारी माली निवासी ग्राम मुंदेर थाना नेलसनार जिला बीजापुर, एसीएम मंगलू पद्दा निवासी उकड़ थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, एसीएम मंगेश परचापी उर्फ सोमलू निवासी माड़ क्षेत्र, एसीएम मनीषा कोर्राम निवासी कोटमेटा, पीएम जिला मरकाम निवासी दक्षिण बस्तर, पीएम कुमारी सनकी ग्राम दोड़गेजोड़ा थाना परतापुर, पीएम ▶▶| शेष पेज 10 पर



### एसीएम रूपी के गार्ड ने किया सरेंडर

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि सरेंडर करने वाली महिला नक्सली परतापुर एरिया कमेटी की एसीएम व मेढ़की एलओएस कमांडर व परतापुर एरियका कमेटी केएएसएस प्रभारी रूपी रेड्डी की गार्ड है और उससे कई इनपुट मिले है। परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 के बचे 15 नक्सली भी जल्द समर्पण कर देंगे। हमारी फोर्स भी जंगल में गश्त करने के लिए निकली हुई है।

### ऑपरेशन व समर्पण नीति का है परिणाम

परतापुर एरिया कमेटी की एसीएम व मेढ़की एलओएस कमांडर व परतापुर एरियका कमेटी केएएसएस प्रभारी रूपी रेड्डी की गार्ड रामको मंडावी का आत्मसमर्पण संगठन के भीतर बढ़ते दबाव और सुरक्षा बलों की सख्ती का परिणाम है। ऑपरेशन के डर के चलते और आत्मसमर्पण नीति के चलते कई नक्सली अब मुख्यधारा में लौटने के लिए उत्सुक है, परंतु डरे हुए है। पुलिस को उम्मीद है कि रूपी रेड्डी और उनकी पूरी टीम भी जल्द ही आत्मसमर्पण कर सकती है।

## जियो टावरों पर चोरों का हमला, एक ही दिन में पांच बैटरियां पार, लाखों की क्षति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में दूरसंचार सेवाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े करते हुए जियो टावरों में चोरी की एक गंभीर घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े और शाम के वक्त दो अलग-अलग टावर साइट्स को निशाना बनाते हुए कुल 5 बैटरियां पार कर दीं, जिससे करीब 2.15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस वारदात के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी बीरेन्द्र कुमार झारिया 36 वर्ष जो मूलतः मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले के निवासी हैं और वर्तमान में कांकेर के सिविल लाइन क्षेत्र में निवास करते हैं, जियो कंपनी में टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने थाना कांकेर में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि 23 जनवरी 2026 को दोपहर लगभग 11 से 12 बजे के बीच कंपनी से सूचना मिली कि मलांजकुडुम स्थित जियो टावर साइट डाउन हो गई है। मौके पर पहुंचने पर देखा कि टावर का मुख्य गेट टूटा हुआ था और वहां लगी एक बैटरी गायब थी। इसके कुछ ही घंटे बाद शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच फिर सूचना मिली कि गोविंदपुर जियो टावर साइट भी डाउन हो गई है, जब कंपनी के टेक्नीशियन वहां पहुंचे, तो पाया कि यहां भी टावर का ताला टूटा हुआ था और चार बैटरियां चोरी हो चुकी थीं। इस प्रकार, दोनों स्थानों से कुल 5 बैटरियों की चोरी हुई, जिसकी अनुमानित कीमत सवा 2 लाख रुपये बताई गई है। प्रार्थी ने पुलिस से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ती ऐसी घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि टावर साइट्स की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

# घरेलू विवाद पर पिता ने पुत्र पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कन्हारगांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक नशे में धुत पिता ने अपने ही बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया और घर का माहौल खून-खराबे में बदल गया। जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय रीतूराज राजपूत, जो पेशे से राजमिस्त्री है, 1 अप्रैल की रात करीब 8 बजे अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान उसके पिता 53 वर्षीय जुगल किशोर राजपूत शराब के नशे में घर पहुंचे। बेटे ने दो महीने पहले हुए एक पुराने विवाद का जिक्र करते हुए बताया कि पिता द्वारा कान पर किए गए हमले के कारण उसे सुनाई देना बंद हो गया है और अब इलाज की सख्त जरूरत है। उसने अपने पिता से इलाज के लिए पैसे मांगे, लेकिन बेटे की यह बात सुनते ही जुगल किशोर अपना आपा खो बैठा। नशे में बेकाबू होकर उसने बेटे को गालियां देना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए पास में रखे लकड़ी के राप्टर से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रीतूराज के बाएं जबड़े और मुंह पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के दौरान घर में मौजूद मां किरण राजपूत ने साहस का परिचय देते हुए बीच-बचाव किया और अपने बेटे को आरोपी पिता के चंगुल से छुड़ाया। अगर समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया जाता, तो घटना और भी गंभीर रूप ले सकती थी। पीड़ित युवक ने बताया कि उसने सिर्फ ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ पुत्र की श्रवण शक्ति गई, पिता नशे में था

# शराब की अवैध बिक्री का किया विरोध कांग्रेस ने पुतला फूंका व नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में बढ़ती अवैध शराब बिक्री के विरोध में गुरूवार 2 अप्रैल को शहर के पुराना बस स्टैंड में युवा कांग्रेस द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित होकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजू दूबे ने बताया कि जिले में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिसे रोकने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के संरक्षण में यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे समाज पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश में पहले से ही भाजपा सरकार द्वारा राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से शराब दुकानों का संचालन किया जा रहा है और अब गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री ने स्थिति को और भी चिंताजनक बना दिया है। इससे युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए घातक साबित हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में नशा ग्रस्त लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। युवा कांग्रेस ने मांग की कि अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की वृद्धि

# महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ी मोदी की नीति से बढ़ी परेशानी : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने प्रेस वार्ता में तीखा हमला बोला है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलताओं के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता का जीवन बेहद कठिन हो गया है।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की वृद्धि की गई है, जबकि पिछले तीन महीनों में ही इसमें कुल 525 रुपये तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। इसके अलावा घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में भी 62 रुपये की वृद्धि ने आम परिवारों के बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। बसंत यादव ने कहा कि जिस गैस सिलेंडर को कभी 400 रुपये में महंगा बताया जाता था, वह आज 900 से 1000 रुपये तक पहुंच गया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर भी सरकार को घेरा गया। उन्होंने कहा कि एक्साइज ड्यूटी में कमी का प्रचार कर सरकार ने राहत का भ्रम पैदा किया, लेकिन हकीकत यह है कि पेट्रोल की कीमतों में फिर से वृद्धि हो रही है। कुछ पेट्रोल पंपों पर तो 4 रुपये तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एविएशन ईंधन महंगा होने से हवाई यात्रा भी आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने खाद्य तेल, दूध, मावा और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि जहां खाद्य तेल कभी 70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचने में दशकों लगे, वहीं अब यह 200 रुपये के पार पहुंच चुका है।

### मनरेगा को कमजोर किया, लोग परेशान

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार का जिक्र करते हुए कांग्रेस ने कहा कि उस समय मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई थी, जिसे वर्तमान सरकार ने कमजोर कर दिया है। इसके चलते गरीबों की आय में गिरावट आई है और आर्थिक असमानता बढ़ी है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां केवल बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं, जबकि आम जनता महंगाई के बोझ तले दबती जा रही है। प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जनक नंदन, जिला महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त शुल्क की वसूली पर परिवहन संघ का गुस्सा फूटा

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र के परिवहन व्यवसायियों पर बढ़ते आर्थिक दबाव ने अब गंभीर रूप ले लिया है। माइंस क्षेत्रों में वसूले जा रहे अतिरिक्त शुल्क के खिलाफ भानुप्रतापपुर परिवहन संघ ने खुलकर विरोध जताते हुए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप की मांग की है। संघ का कहना है कि अचानक बढ़ाई गई राशि ने ट्रांसपोर्टरों की कमर तोड़ दी है और व्यवसाय चलाना मुश्किल हो गया है।ग्राम चेमल स्थित आयरन ओर माइंस (पुष्प स्टील) में पहले स्थानीय संगठन और ग्राम विकास समिति द्वारा प्रति वाहन 100 रुपये शुल्क लिया जाता था, लेकिन 17 फरवरी 2026 से इस शुल्क को बढ़ाकर सीधे 250 रुपये प्रति गाड़ी कर दिया गया है। इस ढाई गुना वृद्धि से ट्रक मालिकों और ड्राइवरों में


BHANUPRATAPPUR PARIVAHAN SANGH

भारी नाराजगी है। संघ के अध्यक्ष गुरुदीप सिंह ढिल्लन के मुताबिक पहले से ही परिवहन दरें काफी कम हैं, ऐसे में अतिरिक्त शुल्क का बोझ उठाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि इससे न केवल आय पर असर पड़ रहा है, बल्कि कई ट्रांसपोर्टर घाटे में काम करने को मजबूर हो रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

# शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का मिला लाभ, प्रमाणपत्र और कार्ड का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- दूरस्थ ग्राम चेमा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित
- 176 आवेदन मिले, निराकरण की प्रक्रिया की गई शुरू



राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कोंडागांव के दूरस्थ ग्राम चेमा में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ग्रामीणों से कुल 176 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने 12 आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग ने 08 डिजिटल किसान किताब एवं 04 जन्म प्रमाण पत्र, शिक्षा विभाग ने 10 जाति प्रमाण पत्र, खाद्य विभाग ने 01 राशन कार्ड तथा श्रम विभाग ने 10 श्रम कार्ड वितरित किए।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में लाभ प्राप्त करने वाले ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के प्रति खुशी जताते हुए आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### गर्म पसिया से झुलसा एक साल का मासूम

फरसगांव। कोंडागांव जिले की ग्राम पंचायत बानगांव में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां मंगलू नेताम का एक साल का बेटा धीरज नेताम घर में रखे गर्म पसिया से बुरी तरह झुलस गया। बताया जा रहा है कि मंगलू की पत्नी ने शाम करीब 7 बजे चावल पकाने के बाद गर्म पसिया को घर के भीतर ही रखा था। इसी दौरान अचानक बिजली गुल हो गई, जिससे घर में अंधेरा छा गया। अंधेरे में खेल रहे मासूम धीरज का हाथ गलती से गर्म पसिया में चला गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजन तुरंत बच्चे को फरसगांव अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल बच्चे का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क शिविर 6 से

**कोण्डागांव।** दिव्यांगजनों को सुविधा प्रदान करने के लिए जिले में तीन दिवसीय विशेष निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 6 अप्रैल से 8 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उप संचालक, समाज कल्याण विभाग कार्यालय एनसीसी मैदान के पास में आयोजित किया जाएगा। शिविर में दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ–पैर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। इच्छुक दिव्यांगजन आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी पात्र दिव्यांगजनों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 10से

**कोण्डागांव।** जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी 10 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यदि आवेदन संख्या अधिक होती है, तो 6 मई से 10 मई 2026 के बीच लॉटरी प्रणाली के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जाएगा। प्रवेश से संबंधित अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 मई से 15 मई के बीच पूर्ण की जाएगी। जिले के विभिन्न अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रवेश के लिए यह अवसर उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। विद्यार्थी स्वामी आत्मानंद विद्यालय के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## निर्धारित समयसीमा में कार्यों को पूरा करें: नूपुर

# भंवरडींग नदी पर बन रहे पुल का लिया जायजा, सड़क निर्माण की धीमी गति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मर्दापाल तहसील अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क एवं चल रहे पुल निर्माण के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की।

ग्राम अदनार एवं तोतर के मध्य भंवरडींग नदी पर बन रहे 234 मीटर लंबे पुल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने पुल के किनारों की पिचिंग को मजबूत करने तथा शेष कार्यों को वर्षा ऋतु से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व कलेक्टर ने मर्दापाल मुख्य मार्ग से चांगेर हंगवा तक बन रही लगभग 12.90 किलोमीटर लंबी सड़क का निरीक्षण किया।

कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शोभायात्रा, झांकियों व भजन कीर्तन से भक्तिमय हुआ नगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

नगर में दर्जी समाज द्वारा संत शिरोमणि पीपा महाराज की जयंती एवं हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। शोभायात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान हनुमान एवं संत पीपा महाराज की सुंदर एवं आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिन्होंने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान भजन–कीर्तन, आरती एवं धार्मिक आयोजन किए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

सेंट जेवियर्स स्कूल में हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे–मुन्ने बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता के रूप में फैंसी ड्रेस धारण कर सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिससे कार्यक्रम का आकर्षण बढ़ गया। इस दौरान बच्चों ने भगवान हनुमान से संबंधित नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव–विभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# चेमा शिविर के दौरान गोदभराई और किया अन्नप्राशन संस्कार

### महिला एवं बाल विकास विभाग का पोषण जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव



ग्राम पंचायत चेमा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं पोषण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से पोषण आहार का प्रदर्शन किया गया तथा गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुपोषित बच्चों को पोषण अभियान के तहत सुपोषण किट वितरित की गई। बाल विवाह रोकथाम पर जागरुकता –ग्रामीणों को बाल विवाह मुक्त कोंडागांव बनाने के उद्देश्य से जागरूक किया गया और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हरदी में नवविवाहिता की हत्या का खुलासा, पति और सास गिरफ्तार

**मगरलोड।** चौकी करेलीबड़ी क्षेत्र के ग्राम हरदी में नवविवाहिता की हत्या का खुलासा हुआ है। इस मामले में पति चंद्रशेखर यादव सहित सास रीना बाई यादव को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 30 मार्च की है। हरदी में नवविवाहिता की मृत्यु की सूचना प्राप्त होते ही चौकी करेलीबड़ी पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर मर्ग कायम कर गंभीरता से विवेचना प्रारंभ की गई। घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण, परिस्थितिजन्य साक्ष्य संकलन एवं गवाहों के कथनों के आधार पर पुलिस ने हर पहलू पर बारीकी से जांच की। शव परीक्षण रिपोर्ट में मृत्यु का कारण श्वास अवरुद्ध (गला घोंटने) तथा मृत्यु की प्रकृति हॉमीसाइडल (हत्या) पाए जाने पर मामला स्पष्ट रूप से हत्या का होना प्रमाणित हुआ। करेलीबड़ी पुलिस की सतत पूछताछ एवं एफएसएल टीम द्वारा तथ्यों का विश्लेषण एवं तकनीकी साक्ष्यों के समन्वय से खुलासा हुआ।

## सामाजिक कुप्रथा बाल विवाह को जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी

**कांकेर।** जिलेवासियों से अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम करने की कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह के कारण बच्चे के पूर्ण और परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अधिकार, अच्छा स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है।

कलेक्टर ने कहा कि कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। वहीं गंभीर संक्रामक यौन बीमारियों की चपेट में आने का खतरा भी बढ़ जाता है और उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ता है। अपील में कहा है कि बाल विवाह के कारण कम उम्र की मां और उसके बच्चे दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है। बाल विवाह के कारण जननांग पूर्ण विकसित नहीं होने से गर्भपात का खतरा भी बढ़ जाता है। कम उम्र की मां के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है, साथ ही उनके सामने कुपोषण व खून की कमी की भी ज्यादा आशंका बनी रहती है। बाल विवाह की वजह से बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की ज्यादा संभावना नहीं बचती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष के कम उम्र की लड़की का विवाह करवाना तथा ऐसे विवाह में सम्मिलित होना दण्डनीय अपराध है, जिसके अंतर्गत 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकता है, अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह होने की सूचना ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, अनुविभागीय दंडाधिकारी, संबंधित पुलिस थाना, महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 इत्यादि को दी जा सकती है।

## भानुप्रतापपुर में 144 पेड़ों की बलि, 15 दिन बाद भी विभाग की नींद नहीं टूटी



**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण के सरकारी दावों की जमीनी हकीकत ग्राम सिवनी दुर्गुकोंदल में तार-तार होती नजर आ रही है। भिलाई के एक रसूखदार उद्योगपति द्वारा सोलर प्लांट की आड़ में 144 से अधिक विशालकाय पेड़ों को जेसीबी मशीनों से जड़ से उखाड़ फेंकने का मामला अब तूल पकड़ चुका है। घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी राजस्व और वन विभाग की चुप्पी ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर मिलीभगत के गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

भिलाई स्थित मनमीत इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के संचालक संदीप अग्रवाल ने ग्राम सिवनी में लगभग 30 एकड़ 12.20 हेक्टेयर जमीन खरीदी है। यहाँ सोलर प्लांट लगाने की तैयारी के नाम पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के वर्षों पुराने हरे-भरे पेड़ों पर जेसीबी चलवा दी गई। सोशल मीडिया पर तबाही की तस्वीरें वायरल होने के बाद भी विभाग की कार्रवाई केवल जांच के नाम पर फाइलों में दबी हुई है। यदि कोई किसान अपनी निजी जमीन का एक पेड़ भी काटता है, तो वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत उसे महीनों प्रताड़ित किया जाता है। यहाँ 144 पेड़ों का सरेआम कत्लेआम हो गया, लेकिन अब तक न तो जेसीबी मशीनें जब्त की गई हैं और न ही दोषियों पर एफआईआर दर्ज हुई है। शिवसेनाप्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्र ने कहा कि यह सिर्फ पेड़ों की कटाई नहीं, बल्कि क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर हमला है। उद्योगपतियों की गुंडागर्दी के आगे प्रशासन मौन क्यों है यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव हरेश चक्रधारी ने सीधा आरोप लगाया है कि राजस्व और वन विभाग को इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी पहले से थी। कार्रवाई के बजाय अधिकारी तमाशा देखते रहे और अब साक्ष्यों को मिटाने के लिए केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है।

## मर्दापाल क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों व आश्रम-छात्रावास पहुंची पन्ना

# गर्भवती महिलाओं की करें निगरानी और व्यवस्थाओं में लाएं जल्द सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव





कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने मर्दापाल तहसील अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों एवं आश्रम- छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्राम चेमा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तथा भवन की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र का भी अवलोकन किया गया। जहां भवन को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने और भोजन निर्माण के लिए गैस सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने लखापुरी स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों की उपलब्धता की समीक्षा की तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची का अवलोकन किया। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य कर्मियों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और काउंसिलिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मर्दापाल स्थित बाल आश्रम कड़ेनार का निरीक्षण कर वहां की आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### उत्तर बस्तर में लाल आतंक का खात्मा...

उन्होने कहा कि इस परिवर्तन के पीछे सुरक्षा बलों की भूमिका को भी अहम बताया। जवानों के साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति ने ही बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने में निर्णायक योगदान दिया है। उन्होंने सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कहा कि उनका मनोबल ही इस सफलता की सबसे बड़ी ताकत है।

### एसीएम रूपी की महिला गार्ड के सरेंडर से ...

सोमा पोड़ियाम निवासी इंद्रावती एरिया जिला बीजापुर, पीएम लखमी पद्दा निवासी मरकाबेड़ा थाना सोनपुर जिला नारायणपुर और मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के 05 नक्सली पीपीसीएम सुकदास उइका निवासी दक्षिण बस्तर क्षेत्र, पीपीसीएम जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण क्षेत्र, पीपीसीएम दारसू शोरी ग्राम पिपरा थाना आमाबेड़ा, पीएम मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर क्षेत्र और पीएम होलिका पुनेम निवासी ग्राम कुमड़ पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर के बारे में अहम सबूत और मूवमेंट के बारे में जानकारी मिल सकती है।

### घरेलू विवाद पर पिता ने पुत्र...

अपने इलाज के लिए मदद मांगी थी, लेकिन पिता ने उस पर बेरहमी से हमला कर दिया। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी जुगल किशोर राजपूत के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अतिरिक्त शुल्क की वसूली ...

परिवहन संघ ने प्रशासन के सामने स्पष्ट मांग रखी है कि या तो परिवहन दरों में आनुपातिक वृद्धि की जाए या फिर इस अतिरिक्त शुल्क का भुगतान माइंस प्रबंधन कंपनी स्वयं करे, ताकि ट्रांसपोर्टरों पर आर्थिक बोझ न पड़े। परिवहन संघ ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, जिला कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस रेड में दो शराब...

शराब 7 लीटर को जप्त किया गया। पुलिस ने दोनो आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### छग के नक्सल मुक्त होने पर शहीदों को श्रद्धांजलि



**गीदम।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बारसूर में समस्त भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी, नगर अध्यक्ष, पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में नक्सल हिंसा में वीरगति को प्राप्त जवानों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल बारसूर के तत्वावधान में सभी वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की और उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

### परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण एबीईओ ने किया



**बस्तर।** केंद्रीकृत 8वीं बोर्ड परीक्षा के तहत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सोनारपाल संकुल के माध्यमिक शाला सोनारपाल, मुरकुची संकुल के माध्यमिक शाला मुरकुची जहां 25 में 2 छात्र अनुपस्थित पाए गए। फिर अधिकारी द्वारा संकुल केशरपाल के माध्यमिक केशरपाल केंद्र का भी अवलोकन किया। व्यवस्था चुस्त दुरूस्त पाई गई। पानी बिजली व शौचालय की व्यवस्था उत्तम पाई गई। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक केशरपाल अजय कश्यप उपस्थित थे।

### दोरनापाल की सड़कें अंधेरे में डूबीं

**दोरनापाल।** सुकमा जिले के दोरनापाल नगर पंचायत की हालत इन दिनों चिंताजनक बनी हुई है।



नगर की मुख्य सड़क जो कभी रोशनी से जगमगाती थी, आज घोर अंधेरे में डूबी नजर आ रही है। सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी हो रही है, बल्कि सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही मुख्य मार्ग पर चलना जोखिम भरा हो जाता है। अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सक्रिय हो सकते हैं, जिससे चोरी, दुर्घटना और अन्य घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी अधिक चिंता का विषय बन गई है। इस मुद्दे को लेकर नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष बबिता माड़वी ने भी प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नगर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर इस तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है और बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधा का ठप होना नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

## कलेक्टर ने दिखाए कड़े तेवर, अब अनुदेशकों सहित साफ-सफाई पर होगी पैनी नजर

# आवासीय विद्यालयों के बच्चों के सेहत से खिलवाड़

लीलाधर राठी ⏭ सुकमा





सलवा जुडूम व नक्सल घटनाओं के बाद सुकमा जिले में संचालित हो रहे आवासीय विद्यालयों की अव्यवस्था को लेकर अब कलेक्टर ने कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। मार्च क्लोंजिंग पर दो कर्मचारियों पर निलंबन के साथ-साथ एक को शोकॉज नोटिस जारी होने से चारों ओर हड़कंप व्याप्त है।

वही कलेक्टर अमित कुमार ने आयोजित बैठकों व दौरों के दौरान साफ-साफ चेतावनी देते हुए अधीक्षकों व

■ **एक सप्ताह में दूसरी निलंबन की हुई कार्रवाई**

शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अपना दामन साफ रखने की हिदायत दी है। 2012 यानि सुकमा जिला गठन उपरांत से चर्चा में आये आवासीय विद्यालय यानि पोटा केबिन इन दिनों चर्चा में है। चर्चा पूर्व में भी होती थी लेकिन कार्रवाई सिर्फ बंद कमरे तक ही सीमित होकर समाप्त हो जाती थी। 2025-26 में पोटा केबिनों की चर्चा पर उस वक्त धरातल पर आना शुरू हो गया जब कलेक्टर अमित कुमार ने अपने दौरों व बैठकों में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि बच्चों के निवालों से खिलवाड़ करने वालों की खैर नहीं होगी।

कलेक्टर अमित कुमार ने आवासीय विद्यालयों को लेकर आक्रमक मुंड में नजर आने लगे है। एक सप्ताह पूर्व कस्तुरबा आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका महेश्वरी निषाद को निलंबन कर दिया था। वही एक बार फिर चिंतलनार के सहायक अधीक्षक भुपत राज ठाकुर को निंलबन कर प्रशासनिक हलकों मे हड़कंप मच गया है। जिले के चिंतलनार (चिंतागुफा) स्थित पोर्टा केबिन आवासीय विद्यालय में भारी अव्यवस्थाओं के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर अमित कुमार द्वारा 31 मार्च को किए गए आकस्मिक निरीक्षण में विद्यालय की स्थिति बेहद खराब पाई गई, जिसके बाद एक ओर जहां अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित भी कर दिया गया।

### अधीक्षक को शोकॉज नोटिस

कभी नक्सलियों की कथित राजधानी के नाम से प्रसिद्ध हुआ चिंतलनार एक बार अव्यवस्था को लेकर सुर्खियों में आ गया है। कलेक्टर अमित कुमार के निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई का अभाव स्पष्ट रूप से नजर आया। जगह-जगह कचरा फैला हुआ था और छात्रावास की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी। बच्चों के बेड अव्यवस्थित पाए गए तथा कई छात्र-छात्राएं अस्वच्छ व बिना व्यवस्थित कपड़ों में दिखे, जिससे प्रबंधन की लापरवाही उजागर हुई। प्रारंभिक कार्रवाई के तहत अधीक्षक किरण कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी कर 1 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### मार्च क्लोजिंग बना निलंबन का माह

आवासीय विद्यालयों को लेकर कलेक्टर अमित कुमार इन दिनों काफी गंभीर नजर आ रहे है। धरातल व विभिन्न बैठकों में खासकर शैक्षणिक व्यवस्था व खानपान को लेकर कलेक्टर स्वयं मानीटरिंग कर रहे है। पिछले दिनों कोन्टा ब्लाक मुख्यालय स्थित कस्तुरबा आवासीय कन्या विद्यालय की अधीक्षिका को निलंबन की राह दिखा दी थी। वही एक बार पुनः चिंतलनार के सहायक अधीक्षक भुपतराज को भी निलंबन कर चिंतागुफा के अधीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी किय गया।

### सुव्यवस्थित रखना अधीक्षक की जिम्मेदारी

जांच में यह भी सामने आया कि संस्था में पदस्थ कर्मचारियों पर अधीक्षक का नियंत्रण कमजोर है, जिससे संपूर्ण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्यालय के दोनों भाग प्रारंभिक (अ) एवं माध्यमिक (ब) की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखना अधीक्षक की जिम्मेदारी थी, लेकिन इस दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। साथ ही, पूर्व में दिए गए निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अमित कुमार ने सख्त कार्रवाई करते हुए अधीक्षक (माध्यमिक स्तर) भूपतराज ठाकुर एवं सहायक अधीक्षक (प्रारंभिक स्तर) को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान ठाकुर का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कोन्टा निर्धारित किया गया है तथा उन्हें शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल 10 अप्रैल को दुबारा 12वीं हिन्दी की परीक्षा लेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



छमाशि मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 12वीं की हिंदी परीक्षा 10 अप्रैल को आयोजित होगा। उक्त परीक्षा के सफल आयोजन हेतु अपर कलेक्टर राजेश पात्रे के अध्यक्षता में समस्त राजस्व अधिकारियों परिवहन अधिकारियों व सर्व थाना प्रभारियों की

■ **जिला प्रशासन ने परीक्षा संपन्न कराने अधिकारियों की ली बैठक**

बैठक लिया गया है। सनद रहे कि छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 14 मार्च को कक्षा 12वीं की विषय हिन्दी की परीक्षा संपन्न किया गया था परन्तु उक्त विषय परीक्षा 23 मार्च द्वारा निरस्त की गई थी। इस संबंध में हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के विषय हिन्दी की परीक्षा 10 अप्रैल को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में समय प्रातः 9 बजे से 12.15 बजे तक पुनः आयोजित की जायेगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन करने के साथ-साथ राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इस संबंध में आज हुई बैठक में उक्त परीक्षा तिथियों में परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष द्वारा पुलिस थाना चौकी से प्रश्न पत्र निकालते समय थाना प्रभारी, के चौकी में उपस्थित रहने और केन्द्राध्यक्ष द्वारा उपरोक्त परीक्षा तिथि को नियत प्रश्न पत्र से संबंधित लिफाफे को सावधानीपूर्वक बॉक्स से बाहर निकालने, उसके निरीक्षण कर पंजी में हस्ताक्षर करने तथा केन्द्राध्यक्ष के साथ परीक्षा केन्द्र तक जाने एवं परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहने, निगरानी के लिए नियुक्त दर्शित अधिकारी, कर्मचारी को रजिस्टर में उनके नाम के सम्मुख उल्लेखित करने के संबंध में विशेष दिशा निर्देश दिए गए।

## उड़िया समाज ने घूमधाम से मनाया उत्कल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल






दंतेवाड़ा जिले के लौह नगरी किरंदुल में उत्कल समाज (उड़िया समाज) द्वारा बुधवार की शाम उत्कल दिवस बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत उत्कल समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक उड़िया स्वागत गीत से की, जिसमें सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने उत्कल दिवस के महत्व और ओडिशा की समृद्ध संस्कृति पर प्रकाश डाला। वहीं बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक भारतनाट्यम नृत्य ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली महिलाओं एवं बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनएमडीसी किरंदुल के अधिशासी निर्देशक रविंद्र नारायण, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह, एनएमडीसी वर्क्स हेड किशन आहूजा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र सहित उत्कल समाज के पदाधिकारी एवं किरंदुल के विभिन्न समाजों के प्रमुख सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने उत्कल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उड़िया समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं की सराहना की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पूरा कार्यक्रम उत्साह, उमंग और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी अतिथियों एवं समाज के सदस्यों ने साथ में रात्रि भोजन ग्रहण किया। उत्कल समाज विकास समिति एवं जगन्नाथप सेवा समिति के अध्यक्ष अविनाश स्वाइन, सचिव डीआर लेंका, जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आरसी नाहक, रंजीत प्रतिहारी, बासुदेव प्रतिहारी, गोपाल गिरी प्रवीण, त्रिलोक रंजन दास, ब्रजेश मिश्रा, बिक्की नाहक एवं समाज के महिलाओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान था।

## पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल रहा योजना का लाभ

**एसडीएम से की गई शिकायत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ दोरनापाल

नगर पंचायत दोरनापाल के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 के कई पात्र परिवारों को दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का लाभ नहीं मिलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ व स्थानीय नागरिकों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम के नाम से दोरनापाल तहसीलदार योपेंद्र पात्रे को लिखित आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया है। आवेदन में बताया गया है कि दोरनापाल क्षेत्र के कई गरीब परिवार, जो योजना के पात्र हैं, उन्हें अब तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।

बताया गया कि हितग्राहियों ने शासन द्वारा आयोजित शिविरों में आवेदन भी जमा किए थे, लेकिन लंबे समय बीतने के बाद भी उनके आवेदनों पर स्वीकृति नहीं दी गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे रोज़ मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं और ऐसे में योजना का लाभ न मिलना उनके लिए बड़ी समस्या बन गया है। योजना का उद्देश्य ही भूमिहीन और गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता देना है, लेकिन पात्र होने के बावजूद वंचित रहना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। आवेदन में कई हितग्राहियों के नाम भी उल्लेखित किए गए हैं, जिन्होंने योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने एसडीएम से जल्द कार्रवाई करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष बबीता माड़वी जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान ब्लॉक अध्यक्ष माड़वी देवा ब्लॉक कोषाध्यक्ष दीपक सिंह चौहान आदर्श तोमर कतरू खान व बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व वार्डवासी मौजूद रहे।

## सील किए गए पोकलेन मशीन से रेत का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हाल ही में बकावण्ड ब्लाक के तारापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलगांव में कलेक्टर के निर्देश पर

■ **एसडीएम, तहसीलदार और थानेदार के सामने ग्रामीणों का विरोध**

माईनिंग विभाग ने पोकलेन मशीन और हाईवा जब्त किया था। अब यह खबर आ रही है कि सील किए गए पोकलेन मशीन का उपयोग रेत के अवैध उत्खनन में किया जा रहा है। इसमें कतिपय प्रभावशाली लोग अपने फायदे के लिए ग्रामीणों को ढाल बनाकर सामने कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि एसडीएम, तहसीलदार और थानेदार के वहां पोकलेन मशीन को लेने पहुंचने पर ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। इन दिनों रेत का मामला पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बना हुआ है। कलेक्टर बस्तर के निर्देश पर



माईनिंग विभाग सक्रिय हुआ है लेकिन कई ऐसे खदान जहां से लाखों में राजस्व मिल सकता है, वहां बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है।

सूत्रों के मुताबिक रसूखदार बाहरी लोग ग्रामीणों को प्रलोभन देकर अपने पक्ष में करने के प्रयास में है। उनके द्वारा ग्रामीणों को गांव के धार्मिक आयोजन में बड़ी रकम देने की बात भी कही जा रही है। सील पोकलेन मशीन का उपयोग गंभीर बात है।

### शहीद आदिवासी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित



**लोहंडीगुड़ा।** सर्व आदिवासी समाज, बौद्ध समाज एवं आदिवासी कर्मचारी संघ लोहंडीगुड़ा के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 1961 के ऐतिहासिक गोलीकांड में शहीद हुए आदिवासी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग, युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के स्मरण और दो मिनट के मौन के साथ हुई। बसंत कश्यप ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि 1961 का गोलीकांड बस्तर के इतिहास का एक अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण अध्याय है।

## एलपीजी-पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धताः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



पश्चिम एशियाई संकट की पृष्ठभूमि में संभावित प्रभावों को लेकर जिले में किसी भी तरह की आशंका को दूर करने हेतु कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता आयोजित कर स्थिति स्पष्ट की। दोनों अधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि जिले में सभी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर ने जानकारी दी कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से प्रदेश सहित बीजापुर जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं आएगी। पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय द्वारा 28 फरवरी के बाद उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप आपूर्ति व्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

प्रेस वार्ता में कलेक्टर ने पीपीटी के माध्यम से जिले में उपलब्ध गैस स्टॉक, घरेलू एवं व्यावसायिक कनेक्शनों की स्थिति तथा प्रतिदिन की बुकिंग संबंधी आंकड़े साझा किए। साथ ही खाद्यान्न एवं आवश्यक वस्तु प्रबंधन के तहत राज्य एवं जिला स्तर पर की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत आपूर्ति और भंडारण पर प्रशासन सतत निगरानी रख रहा है। जिले में 30 से 45 दिनों का अग्रिम खाद्यान्न स्टॉक सुरक्षित रखने की व्यवस्था भी की जा रही है। कलेक्टर ने विशेष रूप से अफवाहों से बचने की अपील करते हुए कहा कि भ्रामक एवं अपुष्ट खबरें समाज में भय और अस्थिरता पैदा करती हैं। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि किसी भी समाचार के प्रकाशन से पहले प्रशासन से पुष्टि अवश्य करें, ताकि जनता तक सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंचे। वहीं आम नागरिकों से भी सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से सतर्क रहने को कहा।

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। बीजापुर दो अंतरराज्यीय सीमाओं से जुड़ा होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

बैठक के दौरान कलेक्टर और एसपी ने 31 मार्च को बीजापुर जिले के सशस्त्र माओवाद से मुक्त होने पर जिलेवासियों को बधाई दी।

## आधार शिविर में कम उपस्थिति पर एसडीएम नाराज

हरिभूम न्यूज ⏭ बीजापुर



अनुविभागीय अधिकारी जागेश्वर कौशल ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नैमेड में आयोजित आधार शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिविर में छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम ने स्कूल की प्रिंसिपल, संकुल समन्वयक तथा लापरवाही बरतने वाले संस्था प्रमुखों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी शिविरों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी बीजापुर नागेश निषाद एवं खंड स्त्रोत समन्वयक राजेश मिश्रा को निर्देशित किया गया कि शिविर को गंभीरता से नहीं लेने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले के सभी अध्ययनरत बच्चों के लिए आधार कार्ड, अपार आईडी, जाति प्रमाणपत्र एवं जन्म प्रमाणपत्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए विभिन्न स्कूलों एवं संकुलों में लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन ने इस अभियान को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी बच्चा आवश्यक दस्तावेजों से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान आधार मैनेजर संतोष एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कोंड्रा भी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन सेना भर्ती आवेदन अब 10 तक

**कांकेर।** भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 फरवरी से शुरू होकर 01 अप्रैल तक निर्धारित था, जिसे बढ़ाकर अब 10 अप्रैल तक कर दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार अग्निवीर की भर्ती के लिए भारतीय सेना की वेबसाईट पर पात्र आवेदक आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर की भर्ती जनरल तकनीकी क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेडमैन आठवीं, दसवीं पास, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती के लिए जारी किया गया है। अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा सीईई के समय टायपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाईन परीक्षा सीईई 01 जून से 10 जून के मध्य आयोजित होने की संभावना है।

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश की प्रक्रिया हुई शुरू

**कांकेर।** प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह के अनुसार प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट पीपीटी 2026 की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 मार्च बुधवार से शुरू होकर 17 अप्रैल शुक्रवार शाम 05 बजे तक किए जा सकेंगे। जिन अभ्यर्थियों को आवेदन में संशोधन करना हो वे 18 अप्रैल से 20 अप्रैल के शाम 05 बजे तक सुधार कर सकते हैं। प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट की अनंतिम परीक्षा तिथि 07 मई गुरुवार निर्धारित की गई है।

### विधायक स्टाफ की तत्परता दिव्यांग को मिली सहायता



**कांकेर।** विधायक आशाराम नेताम की गैरमौजूदगी के बावजूद उनके कार्यालय की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। विधायक रायपुर प्रवास पर थे, उसी दौरान उनके कार्यालय में एक दिव्यांग व्यक्ति सहायता की उम्मीद लेकर पहुंचा।दिव्यांग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कार्यालय के कर्मचारियों ने बिना किसी देरी के त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने तुरंत समाज कल्याण विभाग से संपर्क स्थापित किया और आवश्यक प्रक्रिया शुरू कराई। स्टाफ की इस संवेदनशीलता और जिम्मेदारी ने एक जरूरतमंद को बड़ी राहत दिलाई। कार्यालय द्वारा संपर्क किए जाने के बाद समाज कल्याण विभाग ने भी तत्परता दिखाते हुए दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई। इससे न केवल उसकी दैनिक जीवन की समस्याएं कम होंगी, बल्कि वह आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा सकेगा। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि विधायक का कार्यालय केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि वहां हर परिस्थिति में जनता की सेवा प्राथमिकता में रहती है। विधायक की अनुपस्थिति में भी स्टाफ द्वारा त्वरित निर्णय लेना और मदद सुनिश्चित करना उनकी कार्यशैली को दर्शाता है। जनप्रतिनिधियों और उनके कार्यालयों पर और मजबूत होता है।

### घायल युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना दुर्गूकोंदल अंतर्गत पण्डरीपारा के पास सड़क दुर्घटना में घायल आमाकड़ा निवासी 21 वर्षीय कुश कुमार माहवे पिता राजूराम का 31 मार्च को मौत हो गया। मिली जानकारी अनुसार दो मोटर सायकल के भिड़ंत हो गया, जिसमें मृतक को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया।




**पर्व : सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया**

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुबह से भीड़, जगह-जगह हुए भंडारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंचल में हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से ही हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है। जन्मोत्सव पर जगह-जगह सुंदरकांड का पाठ के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके बाद हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

कांकेर शहर के राजापारा स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह साढ़े 10 बजे हवन पूजन प्रारंभ हुआ। राजापारा स्थिति ऐतिहासिक स्वंभू हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू रहा, जो देर रात तक चलता रहा है। यहां दोपहर 12 बजे हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह ऊपर-नीचे रोड स्थिति पंचमुखी हनुमान मंदिर में ब्रम्ह मुर्हूत में भगवान हनुमान का विशेष श्रृंगार किया गया। सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया और देर शाम हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ और उसके उपरांत हवन किया गया और रात 9 बजे की आरती के बाद समापन हुआ, वहीं दिनभर प्रसाद का वितरण होता रहा। नगर के बिजली आफिस स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से पूजा के लिए श्रद्धालु पहुंचते रहे। दोपहर को मंदिर पुजारी द्वारा हवन पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं का प्रसाद का वितरण किया गया। थाना परिसर के पास सुमित वॉँच के संचालक राजकुमार पंजाबी के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था।

### हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा पाठ से भक्तिमय वातावरण



**दुर्गुकोंदल।** स्थानीय प्राचीन शिव मंदिर परिसर में हनुमान जयंती का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था का संचार देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल आरती और विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। समिति के दीपक जैन, सेवा प्रसाद तिवारी एवं अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया। आयोजन के दौरान सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी की गई। प्रसाद में चूरमा, बूंदी और फल-मिठाइयां शामिल थीं, जिसे सभी ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। समिति के संयोजक ने इस अवसर पर कहा कि हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि यह आस्था, समर्पण और एकता का प्रतीक है।



### समाजसेवी युवाओं द्वारा किया फल वितरण

**कोरर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर समाजसेवी युवाओं द्वारा मरकाटोला एवं धनेलीकान्हार के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं गर्भवती माताओं को तथा धनेलीकान्हार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों एवं कर्मचारियों को फल वितरण किया गया। यह सेवा कार्य न केवल मानवता की सच्ची मिसाल है, बल्कि समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता और एकजुटता का भी परिचायक है। कार्यक्रम में समाज के जागरूक एवं सक्रिय युवाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर अखिलेश मिश्रा, अजय पटेल, निर्मल यादव, हेमेंद्र मिश्रा, खोमेंद्र पाण्डेय, यसपाल कांगे, प्रांशु परिहार, मनोज सिन्हा, किशन भुआर्य, पूरन यादव, सत्येन्द्र मंडावी, संदीप देवांगन, अंकित टावरी, डीकेश यद्धु, खोमेंद्र महावीर एवं शुभम मिश्रा उपस्थित रहे।



### कोकानपुर में रामायण पाठ का हुआ आय

**कोरर।** प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी ग्राम कोकानपुर में हनुमान जयंती के अवसर पर रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सार्वभौमिक प्रचार प्रसार समिति कोरर एवं ग्राम कोकानपुर कि रामायण मंडली के द्वारा रामायण पाठ किया गया। सर्व प्रथम भगवान हनुमान जी एवं श्रीराम की पूजा उपरांत रामायण मंडली द्वारा रामायण पाठ के माध्यम से भजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के युवा महिला पुरुष शामिल हुए एवं उक्त जानकारी ग्राम पटेल माखन सिंह मंडावी द्वारा दिया गया।

## उड़नदस्ते ने किया सघन निरीक्षण आठवीं की परीक्षा शांतिपूर्वक हुई



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में संचालित कक्षा 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज परीक्षा केंद्र पूर्व माध्यमिक शाला ईरागांव का निरीक्षण किया गया। दल ने परीक्षा व्यवस्था, अनुशासन और पारदर्शिता का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि परीक्षा केंद्र में पंजीकृत सभी विद्यार्थी उपस्थित थे और परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण सामने नहीं आया, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उड़नदस्ता दल के अधिकारियों ने केंद्र प्रभारी एवं शिक्षकों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि परीक्षा संचालन में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को भी ईमानदारी से परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार के नियमित निरीक्षण से परीक्षा प्रक्रिया की गुणवत्ता बनी रहती है और विद्यार्थियों में भी अनुशासन एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी परीक्षा केंद्रों पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न हो। निरीक्षण दल में बीआरसी दुर्गुकोंदल लतीफ सोम, संकुल समन्वयक मेडो किशोर विश्वकर्मा एवं संकुल समन्वयक कोदापाखा रामचंद्र दुग्गे शामिल रहे।

## कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

कांग्रेस मंडल सरोना द्वारा संगठन सृजन एवं बूथ चलो अभियान के तहत ग्राम साल्हेभाट में बैठक एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, पंचायत एवं बूथ कमेटियों के गठन तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया। बैठक में मंडल अध्यक्ष मुकेश रजक एवं युथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण सरोना जगदेव मंडावी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रत्येक बूथ पर पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी गठन के निर्देश दिए गए। नेताओं ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की सफलता की कुंजी है, इसलिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ना और उन्हें जिम्मेदारी देना आवश्यक है।

कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव साझा किए, जिन पर गंभीरता से विचार किया गया। बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा से प्रभावित होकर त्रिवेणी हीरवानी, सरस्वती कोराम, परदेसी मरकाम और राम कुमारी वट्टी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष रोहिदास शोरी, मंडल प्रभारी मुकेश राय, ब्लॉक प्रभारी संग्राम नेताम, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ललिता शोरी, महामंत्री कमल धुर्वा, सेवाराम जूरी, नितिन पोटाई, दिनेश सहारे, सरपंच, उर्मिला कुंजम, मन्नू राम शोरी, जेवर मरकाम, हरकरम नेताम सहित सभी बूथ प्रभारी मौजूद रहे।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर 15 दिनों तक 6 अप्रैल से होंगे विविध कार्यक्रम

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में भाजपा जिला कार्यालय कमल सदन में जिलाध्यक्ष महेश जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। स्थापना दिवस से लेकर डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती तक विभिन्न आयोजन कर कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने और जनसंपर्क को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ने बताया कि 5 से 7 अप्रैल तक जिला व मंडल कार्यालयों को झालर, दीप और रंगोली से सजाया जाएगा। 6 व 7 अप्रैल को सभी पार्टी कार्यालयों में ध्वजारोहण, मिष्ठान वितरण और पार्टी की उपलब्धियों पर उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे अपने-अपने घरों और बूथों पर पार्टी का झंडा लगाकर सेल्फी के माध्यम से सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने बताया कि 8 व 9 अप्रैल को जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संगठनात्मक विस्तार, चुनावी सफलता, राष्ट्र प्रथम की भावना, अंत्योदय और सांस्कृतिक उत्थान जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी प्रमुखता से रखा जाएगा। आयोजित बैठक में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान को लेकर भी विस्तृत रणनीति बनाई गई। इसके अलावा 7 से 12 अप्रैल तक भाजपा के जनप्रतिनिधि विधानसभा क्षेत्रों के 20 से 50 गांवों का दौरा करेंगे, जहां वे रात्रि विश्राम के साथ-साथ स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान और स्थानीय बुद्धिजीवियों से संवाद स्थापित करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में 13 अप्रैल को डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और शाम को दीप प्रज्वलन किया जाएगा, वहीं 14 अप्रैल को जिला मुख्यालय से लेकर सभी मंडल और बूथ स्तर तक बाबा साहब की प्रतिमा व छायाचित्र पर माल्यार्पण, संगोष्ठी, मिष्ठान वितरण और छात्रावासों-आश्रमों में उनके जीवन और योगदान पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए जिला उपाध्यक्ष राजा देवनानी को संयोजक बनाया गया है, जबकि आंबेडकर जयंती कार्यक्रम की जिम्मेदारी जिला महामंत्री जितेंद्र मरकाम को सौंपी गई है। बैठक का संचालन जितेंद्र मरकाम ने किया और आभार प्रदर्शन संजय सिन्हा ने किया। आयोजित बैठक में जिले भर से पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शराब मामले पर की गई कार्रवाई है राजनीतिक षड्यंत्र : कावड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोतवाली पुलिस ने भाजपा ईश्वर कावड़े के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया, इस पर उन्होने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए कहा कि ढाबा में मैं नहीं रहता, मेरी कर्मचारी देखरेख करते है, मेरे ऊपर मामला दर्ज किया गया, जिसमें राजनीति षडयंत्र की बू आ रही है।

भाजपा अजजा मोर्चा के अध्यक्ष ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि पुलिस ने मेरे ऊपर कार्यवाही किया है, लेकिन मै ढाबा में रहता नही हूं। ढाबा का मैनेजर और कर्मचारी देखरेख करता है और पुलिस ने जिस तरह मेरे ऊपर धारा लगाया है वह गंभीर धारा लगा दिया है। इसके पीछे राजनीति षड़यंत्र हो सकता है, जिस प्रकार मैने धर्मांतरण के विषय पर समाज के बीच में कार्य कर रहा हूं, इसे देखते हुए राजनीति षड़यंत्र हो सकता है, जो मेरे ऊपर ऐसा आरोप लगा है। शराब कहां से और कैसे मिला, यह मुझे नही मालूम, लेकिन मै ढाबा में नही था। ढाबा पर मेरा मुश्किल से जाना होता है, बहुत कम जाता हू, लगभग एक साल से वहां के कर्मचारी और मैनेजर ढाबा को चला रहें है। कर्मचारियों ने मुझे बताया कि पुलिस की टीम आते ही मोबाइल को छीन लिया गया। मोबाइल छीनने के बाद जिस तरह का बर्ताव पुलिस के द्वारा किया गया, वो सब सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। मैने अभी तक तक तो इस बारे में पुलिस अधीक्षक से बात नही हुआ है, लेकिन पुलिस अधीक्षक से मिलने जाऐंगे, आवेदन प्रस्तुत करेंगे। मेरा जो ढाबा है वहां पर मै नही था तो मेरे ऊपर कार्यवाही क्यो किया गया है। यह मेरा व्यक्तिगत मामला है, इस कारण मैने अपने पार्टी को नही बताया है।

## कांग्रेस की गांव चलो अभियान को लेकर हुई बैठक और की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

संगठन सृजन के तहत कांग्रेस पार्टी का गांव चलो अभियान कांकेर विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोकानपुर में बूथ एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी, बीएलओ 2 का गठन की प्रक्रिया के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बूथ कमेटी गठन के जिला प्रभारी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और प्रत्येक बूथ तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की नीतियों को जन जन तक पहुंचाना और कार्यकर्ताओं को संगठित करना है। बैठक में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों कि सक्रिय भागीदारी रही बूथ स्तर पर जिम्मेदारी का वितरण किया गया और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाने का आहवान किया गया। बैठक में अनुसूचित जन जाति आयोग पूर्व सदस्य नितिन पोटाई, पूर्व जिला कांग्रेस सचिव राघवेन्द्र राजपूत, ब्लाक कांग्रेस रमेश पांडे, राजेन्द्र साहु, झमित कड़ियाम, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, जनपद सदस्य उमेश साहु, सरपंच कलीराम ऊयके, उपसरपंच योगिता राजपूत, चैतू राम कांगे, शंकर साहु, नकछेडा मंडावी, नारायण जैन, घसिया कांगे, दिलीप मंडावी, तुलसी यदु, अवध मंडावी, शांता अलनिया, खिलेश्वरी सिन्हा, दुलारी यादव, सुमित्रा जैन, नीरा सिन्हा, नकुल जैन, सोमराज जैन, राधे बंजारे, शैलेन्द्र जैन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एसडीओपी को हटाने की मांग**

## रेत के अवैध उत्खनन पर कांग्रेस ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड दुर्गुकोंदल ब्लॉक में अवैध रेत उत्खनन और पुलिस अधिकारी के खिलाफ कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए गुरुवार 2 अप्रैल को कांग्रेसियों ने पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीओपी को हटाने की माँग किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक पर एकजुट होकर प्रदर्शन किया। पुतला दहन के उपरांत प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि क्षेत्र में रेत माफिया बेखौफ होकर नदियों का दोहन कर रहे हैं और इस पूरे खेल को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि विरोध करने पर उन्हें डराया-धमकाया जाता है। एक शिकायत पत्र में एक ग्रामीण ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एसडीओपी द्वारा उन्हें टांग तोड़ने की धमकी दी गई, जिससे कांग्रेसियों में आक्रोश और बढ़ गया है। कांग्रेसियों ने बताया कि दुर्गुकोंदल क्षेत्र के साथ -साथ ग्राम डंडईखेड़ा में अवैध रेत उत्खनन चरम पर है। रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक भारी मशीनों के जरिए रेत निकाली जा रही है, जबकि प्रशासन केवल कागजों में कार्रवाई का दावा करता है। इससे नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित लोगों ने एसडीओपी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया और एसडीएम कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

पुतला दहन के दौरान सोप सिंह अचला, सोमदेव कोरेटी, भोजलाल उयके, ब्रजेश तुलावी, मनीष टेम्पा योगी, गणेशवार हिड़को, अजित जैन, बालचंद अंचला, अकरम कुरैशी, जितेंद्र बेंजामीन, नरेन्द्र कुलदीप, तुषार ठाकुर, जितेंद्र नाग, नंदकुमार नेताम एवं अन्य उपस्थित रहे।

